# ग्राम सुरगी तक पहुंचा पानी, ग्रामीण खुश

## छोटे गांव को मिली बड़ी समस्या से निजात



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** यह कहानी है जिले के विकासखंड छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायत रामगढ़ी के ग्राम सुरगी की, जहाँ कभी पानी की किल्लत ने लोगों का जीवन दूभर कर दिया था। 146 परिवारों वाले इस गांव की 752 की जनसंख्या अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति सहित अब जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम सुरगी जल संपन्न हो चुकी है।

**पहले की स्थिति**– एक समय था जब ग्राम सुरगी के लोग विशेषकर महिलाएं पानी की व्यवस्था के लिए प्रतिदिन सुबह 4 बजे उठती थीं। दूर स्थित कुएं से पानी लाना उनकी दिनचर्या का अहम हिस्सा था। पानी के लिए लंबी लाइनें लगती थीं और देर होने पर पर्याप्त पानी भी नहीं मिल पाता था। पानी सिर पर रखकर लाने से महिलाओं की गर्दन में अकड़न, दर्द और अन्य शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इतना सब करने के बावजूद दिन के अन्य कार्यों के लिए उनके पास समय नहीं बचता था।

**अब की स्थिति**– जल जीवन मिशन योजना ने ग्राम सुरगी के ग्रामीणों को इस कठिनाई से मुक्ति दिलाई है। अब प्रत्येक घर में नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। हर घर जल प्रमाणित ग्राम का दर्जा प्राप्त कर चुका सुरगी, अब पानी के लिए न केवल आत्मनिर्भर हो गया है बल्कि इसके माध्यम से समय की भी बचत हो रही है। महिलाएं अब घरेलू और कृषि कार्यों में अधिक समय दे पा रही हैं।

ग्राम की निवासी जलवती परतेती बताती हैं हमें पहले कुएं से सिर पर पानी लाकर लाना पड़ता था जिससे गर्दन में दर्द होता था। दिन भर पानी भरने में ही समय निकल जाता था। लेकिन अब घर पर ही नल से जल मिलने लगा है, जिससे समय की बचत हो रही है और हम अन्य जरूरी कार्यों में समय दे पा रहे हैं। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

इसी तरह सीमा उईके कहती हैं कि पहले पानी की बहुत परेशानी थी। दूर से पानी लाना पड़ता था, जिससे स्वास्थ्य पर असर पड़ता था और बाकी कामों के लिए समय नहीं बचता था। जल जीवन मिशन के कारण अब घर पर पानी मिल रहा है, जिससे हमारा जीवन सरल हो गया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की आभारी हूं।

ग्राम सुरगी की यह कहानी जल जीवन मिशन की सफलता का जीवंत प्रमाण है जहाँ एक दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र ने जल संकट से उबरकर विकास की नई राह पकड़ ली है।



# महुआ लाहन नष्ट किया, अवैध शराब पकड़ी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 19 अप्रैल 2025 को कलेक्टर छिंदवाड़ा शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में एवं ज़िला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में ज़िले के आबकारी अमले द्वारा सुबह के वक्त वृत्त प्रभारी आकाश मेश्राम के नेतृत्व में सर्वप्रथम ग्राम खुनाझिर कला में नाले के छुपाकर रखी गई प्लास्टिक की पन्नियों में भरे हुए महुआ लाहन को खोलकर विधिवत नष्ट किया गया। इसके बाद ग्राम के कपरवाड़ी में भी नाले के किनारे बरामद छोटे प्लास्टिक की कैनो में भरे महुआ लाहन को विधिवत नष्ट किया गया।

अंत में ग्राम बारंगा के जंगल में नाले के किनारे प्लास्टिक के बड़े ड्रमों भरकर रखे गए महुआ लाहन को खोजकर विधिवत नष्ट किया गया, मौके पर चालू हाथ भट्टी भी पाई गई जिसे टीम द्वारा तोड़कर नष्ट कर दिया गया तथा मौके पर पाई गई हाथ भट्टी मदिरा कब्जे आबकारी ली गई। उपरोक्त कार्यवाही में कुल 10 प्रकरण दर्ज कर 6000 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया तथा 60 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा कब्जे आबकारी ली गई।

कार्रवाई में सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी कैलाशचंद्र चौहान, आबकारी उपनिरीक्षक आकाश मेश्राम, अनिकेत पटेल सहित आबकारी आरक्षक उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### विश्वनाथ ओक्टे के निवास पहुंचे शारदा पीठ के शंकराचार्य



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अनन्त श्री विभूषित द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का सानिध्य व आशीर्वाद ओकटे परिवारजन को प्राप्त हुआ। महाराज श्री जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे के निवास पर पहुंचे और परिवारजन को सुभाशीष प्रदान किया। जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे व परिवारजन को आशीर्वाद प्रदान कर सुख शांति व सम्रद्धि का आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान ओकटे परिवार के सदस्य व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे और महाराज श्री का दिव्य दर्शन प्राप्त किया।

### कलेक्टर ने प्रतिभाशाली शिक्षक शेफाली वर्मा का किया स्वागत




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में पदस्थ जेईई एवं नीट के बच्चों को नि:शुल्क पढ़ाने पर एवं बच्चों की सफलता पर प्रतिभाशाली शिक्षक शेफाली वर्मा चांडक पति सुशील चांडक को कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने कलेक्टर सभागृह में सम्मानित किया। उन्हें इस उपलब्धि पर माहेश्वरी समाज ने बधाई दी है।

### गर्मी के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा में जैसे जैस गर्मी अपने विकराल रूप धारण करते जा रही है वैसे वैसे विभिन्न वार्डो में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ते जा रहा है। वार्ड नम्बर 44 गली नम्बर 19 के नाले से लगे हुए खाली प्लाटों में गदंगी बजबजा रही है, लोग कचरा घर की बजाऐं साहू निवास के बाजू में कचरा फेक कर चलें जाते है जिससे आसपास गदंगी के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। नगर पालिक निगम से वहां के रहवासियों से मांग की है कि खाली प्लाट में कचरे की सफाई करवाई जाऐं और उसका शुल्क प्लाट मालिक से वसूला जावे।

### मोतीलाल साहू पंचतत्व में विलीन

**बिछुआ, देशबन्धु।** नगर के वार्ड नंबर 6 शहीद भगत सिंह वार्ड में रहने वाले बिजेश साहू और उमेश साहू पत्रकार के पिता मोतीलाल साहू का हृदय गति रूक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। मोतीलाल साहू के आकस्मिक निधन से साहू परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में किया गया, वे पंचतत्व में विलीन हो गए। इस अवसर पर बिछुआ वासियों ने श्रद्धांजली अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की है।



# बिगड़ी बोरवेल मशीन में पीछे से जा घुसा ट्रैक्टर, हेल्पर का सिर धड़ से अलग


**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा.छिंदवाड़ा रोड पर शुक्रवार रात्रि 9 बजे के आसपास भुमका घाटी स्थित बंजारी मंदिर के पास भयानक सड़क हादसा हो गया। जहां बिगड़ी खड़ी बोर मशीन में पीछे से ट्रैक्टर जा घुसा। बोर मशीन और ट्रैक्टर की चपेट में आने से बोरवेल मशीन के तमिलनाडु निवासी एक हेल्पर का सिर धड़ से अलग हो गया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस घटना स्थल पहुंची और जांच में जुट गई है।

घटना की विवेचना कर रहे एसआई नूरसिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सुखारी निवासी अरविंद उर्फ अभी वर्मा शराब के नशे में ट्रैक्टर लेकर तेंदनीमाल जा रहा था तभी भुमका घाटी बंजारी माई के पास बिगड़ी पड़ी बोर मशीन के पीछे एक हेल्पर कुछ काम कर रहा था। तेज रफ्तार से ट्रैक्टर लेकर जा रहे चालक ने बिगड़ी पड़ी बोर मशीन के पीछे जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से हेल्पर चपेट में आ गया। जिससे तमिलनाडु निवासी सेगर नायडू का सर धड़ से अलग हो गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



घटना की सूचना के बाद एसआई नूरसिंह बघेल और रजनीश सोनी घटनास्थल पर पहुंचे और वाहन में फंसे शव को बाहर निकलवाया और यातायात दुरुस्त कराते हुए शव को सिविल अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं 281ए 106ए 125 के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए जांच और कार्यवाही शुरू कर दी है।

# नाट्य गंगा की अभिनय कार्यशाला के लिए ऑडिशन आज



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** यदि आप भी फ़िल्मों, टीवी, वेब सीरीज़ या नाटकों में एक्टिंग करना चाहते हैं और दुनिया के सामने अपना हुनर दिखाना चाहते हैं लेकिन आपको एक्टिंग की बारीकियां नहीं पता है तो तैयार हो जाइए क्योंकि जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था एवं रंगमंडल नाट्यगंगा के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 मई से पैतालिस दिवसीय फ़िल्म एवं रंगमंच एक्टिंग वर्कशॉप आयोजित की जा रही है।

स्थान सीमित होने के कारण ऑडिशन के माध्यम से प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। जिसके लिए आज रविवार 20 अप्रैल को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और शाम 5 बजे से 8 बजे तक संत जोसफ स्कूल, खजरी रोड के सामने स्थित नाट्यगंगा के ऑफ़िस में ऑडिशन लिए जाएंगे।

इच्छुक प्रतिभागी नियत समय पर नाट्यगंगा ऑफ़िस आकर अपना ऑडिशन दे सकते हैं। इसके पश्चात अगले रविवार 27 अप्रैल को भी ऑडिशन लिए जाएंगे।

चयनित प्रतिभागियां की सूची 29 अप्रैल को रंगमंडल द्वारा जारी की जाएगी और 1 मई से सुबह 7 बजे से 45 दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ की जाएगी।

इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को स्टेज एक्टिंग, कैमरा एक्टिंग, वॉइस एंड स्पीच, गीत एवं संगीत, नृत्य, मार्शल आर्ट्स, परंपरागत नृत्य आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में भोपाल, हरियाणा, मुंबई, बालाघाट आदि स्थानों से आने वाले सुप्रसिद्ध कलाकार प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

कार्यशाला के दौरान कुछ नाटकों को भी तैयार किया जाएगा जिनका मंचन कार्यशाला के दौरान तथा कार्यशाला की समाप्ति पर किया जाएगा। संस्था के सभी कलाकारों ने इच्छुक प्रतिभागियों से ऑडिशन में आने का निवेदन किया है।

# शहीद मेजर अमित ठेंगे की जयंती पर श्रद्धांजली सभा आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा की माटी के लाल अमर शहीद मेजर अमित कुमार ठेंगे का जन्म 19 अप्रैल 1982 को मधुकर राव ठेंगे एवं लता ठेंगे के प्रथम पुत्र के रूप में हुआ। शहीद मेजर अमित ठेंगे की जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रातः 9 बजे शहीद मेजर अमित ठेंगे के निवास गुलाबरा में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय, एस.डी.एम. सुधीर जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। शहीद मेजर अमित ठेंगे स्मृति समिति के अध्यक्ष एवं शहीद मेजर के पिता मधुकर राव ठेंगे ने अतिथियों की अगवानी की।

### सभा में कलेक्टर, एसपी व एसडीएम भी रहे मौजूद

इस अवसर पर सभी ने शहीद मेजर अमित ठेंगे की फोटो पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा की शहीद मेजर अमित ठेंगे को मेरी और प्रशासन की और से श्रदांजली अर्पित करता हूं साथ ही मैं शहीद मेजर अमित ठेंगे की याद में जो स्मृति समिति बनी है और जो वे सेवा भावी कार्य कर रहे है। उन्हें मैं उनके अच्छे कार्यों के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने कहा की शहीद की शहादत को सेवा भावी कार्यों से याद करे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने भी शहीद मेजर अमित ठेंगे को अपनी और से श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा की आज के युवाओं को शहीद मेजर अमित ठेंगे को अपना रोल मॉडल बनाकर देश सेवा के लिए तैयार होना चाहिए।

इस अवसर उपस्थित जनों ने शहीद मेजर अमित ठेंगे के जन्म दिवस पर जाना की शहीद के बचपन से ही देश प्रेम, समर्पण और सेवा भाव जैसे गुण विद्यमान थे। उन्हें धन, समृद्धि और प्रतिष्ठा से अधिक मातृभूमि की सेवा प्रिय थी शायद इसी कारण वे भारतीय सेना में भर्ती होने हेतु प्रयासरत रहे, उनका यह सपना पूरा हुआ और जून 2007 में वे भारतीय सेना का हिस्सा बन गए।

2009 में वे कैप्टन जैसे उत्तरदायित्व पूर्ण पद पर प्रतिष्ठित हुए और उनकी कार्यशैली एवं व्यक्तित्व को देखते हुए 2010 में उन्हें पदोन्नत कर मेजर बना दिया गया। 13 जुलाई 2010 को दि सीक एण्ड डिस्ट्रॉय ऑपरेशन के अंतर्गत मेजर अमित अपने साथी जवानों के साथ आतंकियों को ढूंढने निकल पड़े। इसी दौरान हुई मुठभेड़ में कर्नल विप्लव नाथ एवं मेजर अमित ठेंगे ने शहादत पाई। सेना मैडल से सम्मानित मेजर अमित ठेंगे के इस बलिदान ने कई युवकों में देशभक्ति का संचार किया।

सभा में उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकार अवधेश तिवारी द्वारा मुंशी प्रेम चंद की कहानी के उल्लेख के साथ शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पी.जी. कॉलेज, हिन्दी विभाग की प्राध्यापक टीकमणि पटवारी द्वारा हिन्दी कविता के माध्यम से अपने विचार सभा में साझा किए। कार्यक्रम का संचालन साजिदा खान ने किया एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक समाजसेवी विनोद तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजित सभा शहीद के भाई अशीष, बहु शेफाली सहित शहीद मेजर अमित ठेंगे स्मृति समिति के सदस्य गण एवम बड़ी संख्या में समाजसेवीए साहित्यकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



**छिन्दवाड़ा :** शहीद मेजर को निरीक्षक आशीष तिवारी की टीम ने दी सलामी।



**छिन्दवाड़ा :** शहीद मेजर अमित ठेंगे की शहादत को नमन करते हुए कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने कहा कि हमें शहीद मेजर के सेवाभावी कार्यो को याद रखना चाहिए।

## माचागोरा डेम से पानी छोड़ा, चांद-चौरई की समस्या हल

### माचागोरा से सात एमसीएम मिलेगा पानी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर चौरई व चांद सहित कई गावों के निवासियों की पेयजल समस्या का हल हो गया है। सांसद श्री साहू ने माचागोरा डेम के गेट खोलकर पेयजल समस्या का निराकरण कर दिया है। अब गांवों के ग्रामीणों सहित पशु पक्षियों एवं पेंच नेशनल पार्क से जुड़े कोर एरिया के जानवरों को पेयजल उपलब्ध हो गया हैं।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू द्वारा चौरई विधानसभा के दौरे के दौरान ग्रामीणों द्वारा निरंतर क्षेत्र में उत्पन्न हुई पेयजल समस्या से उन्हें अवगत कराया गया था। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सांसद श्री साहू ने कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर माचागोरा के गेट खोलने के लिए कहा था। जिसके परिणाम स्वरूप शनिवार को सांसद श्री साहू ने अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में माचागोरा डैम के गेट खोल दिये है।

सांसद बंटी विवेक साहू ने शनिवार को माचागोरा डेम का एक गेट खोलकर पानी छोड़ा है। जिसके अंतर्गत 7 एम.सी.एम. पानी देने हेतु गेट नं. 04 गेट खोला गया, जिससे 2 दिवस तक 5 क्यूमेक्स एवं उसके बाद 20 क्यूमेक्स की दर से कुल 35 एम.सी.एम. जल पेयजल हेतु प्रदाय किया जाएगा। इसके साथ ही छिन्दवाडा जिले के पेंच नदी के आस-पास के क्षैत्र चौरई, चांद, तिघरा, चिखली, झिलमिली, मड़काहांडी, उदादौन, बाड़ीवाड़ा, पिपरिया, विकला, कौआखेड़ा, लोनीबर्रा, बेलगांव, चांद ढाना, बादगांव, खैरघाट, रामपुरी, पिपरिया खाती, बाँसखेडा सहित अनेक गांव में पेयजल, मवेशियों के पीने व निस्तार हेतु पानी मिल सकेंगा। वहीं म.प्र. शासन की महती योजना जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम पेंच व्यपवर्तन परियोजना की बॉध साईट पर किए गए। जिसमें बॉध की साफ सफाई, दुरूस्ती व मरम्मतीकरण के कार्य जनप्रतिनिधियों, जनता एवं विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ किए गए।

माचागोरा डेम में गेट खोलने के दौरान सिवनी विधायक दिनेश मुनमुन राय, जिला पंचायत सदस्य लखन कुमार वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, सभापति जगेन्द्र अल्डक, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, संतोष पटेल, दिनेश कांत मालवी, विश्वेंद्र बैस, जितेन्द्र राय, वैनगंगा कछार के मुख्य अभियंता ए.के. डेहरिया, कार्यपालन यंत्री एस.के. सिरसाम सहित मंडल अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 42 टीमों के महामुकाबले में सर्कुलर बॉयज छिन्दवाड़ा बना चैंपियन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की उभरती हुई खेल प्रतिभाओं को और भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी, भाजपा सरकार द्वारा देश एवं प्रदेश में लगातार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किये जा रहे है। छिन्दवाड़ा में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। पिछले कुछ महिनों में कई खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है।

यह बात शुक्ला ग्राउंड में आयोजित सांसद कप 2025 डे-नाइट लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फइनल मुकाबले के बाद पुरूस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहीं। इस दौरान उन्होंने विजेता टीम सर्कुलर बॉयज को 1 लाख 25 हजार रुपये व ट्रॉफी और उपविजेता टीम यूनिक परासिया को 75 हजार रूपये व ट्रॉफी प्रदान की गई।



सांसद श्री साहू ने कहा कि पिछले दिनों छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया था, जिसमें दोनों जिलों के 4 लाख 50 हजार खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस दौरान छोटे गांवों और विकासखण्डों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। जिससे उनके बीच बड़े खेलों में खेलने के प्रति डर समाप्त हुआ।

सांसद श्री साहू ने सांसद कप क्रिकेट के सफ्ल आयोजन के लिए आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरी टीम द्वारा इस आयोजन में काफी मेहनत की गई, जिसका परिणाम है कि पूरे आयोजन में जिले भर से 42 टीमों ने भाग लेते हुए अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

### सार समाचार

## सैयद मासूम शाह कलंदर का उर्स आज और कल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हजरत सैयद मासूम शाह कलंदर रहमतुल्ला अलैह मदीने वाले का उर्स समारोह प्रतिवर्ष अनुसार इस 17 वें वर्ष आज 20 अप्रैल दिन रविवार को परचम कुशाई शाम 5 बजे से शाही सन्दल व लंगर शाम 7 बजे से होगा और दिनांक 21 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को रात्रि 9 बजे से कब्बाली के शानदार प्रोग्राम का आयोजन स्थान अभिषेक टी.व्ही.एस. एजेन्सी के पीछे, सुक्लूढाना, सिवनी रोड छिंदवाड़ा में किया गया है। उक्ताशय की जानकारी कार्यक्रम अध्यक्ष जाकिर परवेज ने बताया कि इस अवसर पर देश के जाने माने कब्बाल अनीस नबाव अहमदाबाद एवं आमिल आरिफदिल्ली शानदार कब्बाली की प्रस्तुति देंगे। उन्होनें समस्त जिलेवासियों से इस उर्स के मौके पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



## पूर्व सांसद नकुलनाथ का आज का दौरा कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार आज 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार को नकुलनाथ प्रातः 10.30 बजे उमरेठ क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व प्रातः 11 बजे मैनीखापा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की बैठक में उपस्थित होंगे तदोपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा तय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे चौरई विधानसभा के चांद ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम लोनीकला पहुंचकर 251 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगेए तत्पश्चत अपराह्नंत 4 बजे उनका शिकारपुर आगमन होगा। अपराह्नंत 4ण्30 बजे माननीय नकुलनाथ छिन्दवा?ा से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## विश्वकर्मा युवा मंच के जिलाध्यक्ष बने शुभम चौरे

**मोहखेड़, देशबन्धु।** विकासखंड मोहखेड़ के सारंगबिहरी गांव के रहने वाले तेज तर्रार युवा शुभम राजेंद्र चौरे को श्री विशवकर्मा काष्ठ एंव लौह कला कल्याण संगठन के तहत विश्वकर्मा युवा मंच का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष दिलीप शर्मा द्वारा किया गया है। शुभम राजेंद्र चौरे शिक्षक होने के साथ ही सामाजिक विचारक भी हैं। विभिन्न मामलों पर प्रतिदिन उनकी प्रतिक्रिया मीडिया और सोशल मीडिया पर प्रकाशित होती है। इसी। कर्मठता को देखते हुये प्रदेश अध्यक्ष व संस्थापक लक्ष्मीनारायण विशवकर्मा ने उन्हें छिंदवाड़ा युवा मंच जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है।



## अमरकंटक में आंधी तूफान के साथ तेज वर्षा

**अमरकंटक, देशबन्धु।** प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में दोपहर 3 बजे से तेज आंधी तूफान और गरज के साथ लगभग 1 घंटे तक बारिश हुई। जिसके फलस्वरूप मौसम ठंडक भरा सुहाना हो गया है। उल्लेखनीय है कि विगत तीन दिनों से पवित्र नगरी अमरकंटक में दोपहर को बारिश हो जाती है। जिससे गर्मी पर नियंत्रण बना हुआ है । विगत दो-तीन दिनों से अमरकंटक नगर में गर्मी महसूस की जा रही थी, लेकिन उम्मीद जताई जा रही थी की ज्यादा गर्मी पड़ने से अमरकंटक में हर हाल में बारिश होती है। उसी अनुसार अमरकंटक नगर में जोरदार तेज बारिश हुई फलतः तेज गर्मी पर नियंत्रण सा लग गया। मौसम के सुहाना होने से पर्यटक तीर्थयात्रियों में अच्छा खासा उत्साह देखा गया।

## छिन्दवाड़ा व पांढुर्णा की 50 आंगनबाड़ियों को मिले पंखे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा एवं पाढुंर्णा जिले की चिन्हित बिना पंखे की 50 आंगनवाड़ियों को पंखे मिल जाने से बच्चों को गर्मी से राहत मिल सकेगीं। सांसद बंटी विवेक साहू ने शनिवार को सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में दोनों जिलों की चिन्हित 50 आंगनवाड़ियों को व्यक्तिगत रूप से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के माध्यम से पंखे वितरित किये। साथ ही महिला बाल विकास के अधिकारियों को 100 अन्य पंखे विहीन आंगनवाड़ियों की सूची जल्द ही उपलब्ध कराने के लिए कहा। इन 100 आंगनवाड़ियों को सांसद श्री साहू अपनी स्वयं की राशि से 29 अप्रैल को पंखे वितरित करेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले 8 अप्रैल को गर्ल्स कॉलेज में आयोजित पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ करने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू पहुंचे थे। जहां पर जिले भर से बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका भी पहुंची थी। इस कार्यक्रम में सांसद श्री साहू ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं पूछी थी। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी समस्याओं से सांसद श्री साहू को अवगत कराया गया था, जिसमें कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने उनकी आंगनवाड़ियों मे पंखे नहीं होने की बात कहते हुए पंखे उपलब्ध कराने की मांग की थी।



## वर्तमान व पूर्व सांसद दिखे साथ



### शंकराचार्य के कार्यक्रम में पहुंचे दोनों

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अन्नत श्री विभूषित द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज के दिव्य प्रवचनों का पूर्ण आस्था के साथ पूर्व सांसद नकुलनाथ ने श्रवण किया। शहर के नरसिंहपुर रोड स्थित चौखड़ा नंदन हिल्स में चल रहे त्रिदिवसीय दिव्य प्राण प्रतिष्ठा व मंदिर लोकार्पण महोत्सव में सम्मिलित होकर महाराज श्री के चरणों में कमलनाथ व स्वयं की ओर से प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किए साथ ही प्रवचन का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किए।

### स्वामी जी के चरण रज से पवित्र व पावन हुई हमारी नगरी : नकुलनाथ

नकुलनाथ ने आयोजन को लेकर कहा कि जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का सानिध्य व दिव्यवाणी श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ यह हम सभी के लिए बड़े ही सौभाग्य का विषय है।

उन्होंने श्रद्धालु भक्तजनों से आग्रह किया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से युवा पीढ़ी को जोड़ने की आवश्यकता है, क्योंकि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम से युवाओं को नैतिकता, कर्तव्य व धार्मिक परंपराओं की शिक्षा से जोड़ते हैं। आपसी भाईचारे व एकता को बढ़ावा मिलता है।

उन्होंने तीन दिवसीय दिव्य धार्मिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इस दौरान पूर्व सांसद नकुलनाथ और वर्तमान सांसद विवेक बंटी साहू साथ साथ दिखे।

## स्वावलंबन आसरा केंद्र द्वारा 148 कमोड व्हीलचेयर निःशुल्क वितरित

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** स्वावलंबन आसरा केंद्र छिंदवाड़ा के विशेष पहल पर दिव्यांग संस्था स्वावलंबन केंद्र अमरवाड़ा में 16 अप्रैल एवं 17 अप्रैल को 148 कमोड व्हीलचेयर निःशुल्क वितरित की गई।

विगत लंबे समय से जरूरतमंद लकवा से ग्रसित मरीज, दिव्यांगजन एवं 60 वर्ष से अधिक बुजुर्ग की जरूरत के आधार पर स्वावलंबन आसरा केंद्र द्वारा 2 दिन का विशेष वितरण शिविर का आयोजन किया जिसमें जिला छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुरना के दूर दराज से आए लाभार्थियों के परिजनों ने कमोड व्हीलचेयर पाकर स्वावलंबन आसरा केंद्र जिला समन्वयक मुकेश कुमार मालवीय का बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।



विदित हो कि स्वावलंबन आसरा केंद्र द्वारा लगातार जिले में कृत्रिम सहायक उपकरण वितरित किए जा रहे हैं जिसमें राष्ट्रीय बयोश्री योजना के अंतर्गत 60 वर्ष अधिक बुजुर्गों के लिए कान की मशीन, कमर बेल्ट, घुटनों के बेल्ट, वॉकर, व्हीलचेयर, छड़ी, वैसाखी, कमोड चेयर आदि एवं दिव्यांग जनों के लिए बैटरी चलित ट्राई साइकिल बैसाखी कान की मशीन वॉकर छड़ी व्हीलचेयर आदि जरूरतमंद लाभार्थियों को पंजीयन चिन्हांकन कर कृत्रिम सहायक उपकरण उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है।

विशेष दो दिवसीय इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वावलंबन आसरा केंद्र जिला समन्वयक मुकेश कुमार मालवीय, अनिल साहू सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## वाहन चैकिंग जारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जहां एक ओर भीषण गर्मी का प्रकोप है तो वहीं दो पहिया वाहन और आटो की चैकिंग यातायात पुलिस द्वारा सक्ति से प्रारंभ कर दी है जिसमें लायसेंस, हेलमेट, गाड़ी के कागजात होना अनिवार्य देखा जा रहा है।

कल 19 अप्रैल को यातायात पुलिस ने तिराहो, चौराहों में चैकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों का चालान किया है।



## पूर्व सांसद नकुलनाथ का कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का दो दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन हुआ। विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पहुंचे नकुलनाथ का कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व आमजन ने भव्य स्वागत किया।

ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मिक स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित समस्तजनों ने उन्होंने भेंट की।

वरिष्ठ नेताओं ने उनकी आगवानी की। हवाई पट्टी से वे कार द्वारा निज निवास शिकारपुर कमलकुंज पहुंचे जहां पूर्व से बड़ी संख्या में उपस्थित छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले से आए कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

तदोपरांत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के पश्चात नरसिंहपुर रोड स्थित चौखड़ा नंदन हिल्स में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर जिला कांग्रेस, विधायकगण, शहर कांग्रेस, जिला महिला कांग्रेस, शहर महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, युवक कांग्रेस, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ, नगर पालिक निगम के कांग्रेस पार्षदगण, एनएसयूआई, कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ सहित कांग्रेस के समस्त विभाग, प्रकोष्ठ व अनुसांगिक संगठनों के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



